Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding establishment of textile park in Chandrapur, Maharashtra.

श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर) : अध्यक्ष महोदय, हमारी चंद्रपुर लोक सभा क्षेत्र में चंद्रपुर-यवतमाल में ज्यादातर किसान कपास, सोयाबीन तथा धान की फसल करते हैं । यहां पर भारी मात्रा में कपास उत्पादित होने के बावजूद आज तक यहां टेक्सटाइल पार्क नहीं हो पाया है । हमारा लोक सभा क्षेत्र नक्सलग्रस्त, आदिवासी बहुल तथा पिछड़ा हुआ है । यहां पर बड़े उद्योगों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष रियायतें, जैसे कि प्रोजेक्ट कॉस्ट में 25 परसेंट सब्सिडी, सीड कैपिटल प्रोजेक्ट कॉस्ट में 25 परसेंट बिना ब्याज अर्थसहाय, बिजली तथा आयकर में छूट आदि प्रदान की जाए । हमारे क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों के आर्थिक विकास हेतु टेक्सटाइल पार्क हो, जिससे जिनिंग, प्रेसिंग से गारमेंट्स तक सब उद्योगों का निर्माण होना चाहिए । इसलिए मैं टेक्सटाइल पार्क हेतु उद्योगों के लिए विशेष रियायतों की मांग करता हूं । इससे यहां के किसानों का आर्थिक विकास तथा युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान होगा । धन्यवाद ।